an>

Title: Need to provide adequate financial assistance for installation and repair of hand pumps and other drinking water projects in Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची)ः सरकार से अनुरोध है कि देश मं पेयजल की समस्या बड़ा विकट रूप धारण कर रही हैं एवं देश के कई हिस्सों में सूखा पड़ा हुआ है। लोगों को समुचित रूप से पेयजल नहीं मिल पा रहा है। मेरे संसदीय क्षेतू रांची में पानी का जलस्तर नीचे गिर रहा है जिसके कारण गाँवों के चापाकल नहीं चल रहे हैं और कई राज्यों में विशेषकर झारखण्ड में फण्ड नहीं होने से नये चापाकल नहीं लगाये जा रहे हैं एवं पुराने चापाकल ठीक नहीं किये जा रहे हैं जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेतू में कई गाँवों के लोग पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। दूषित पानी के पीने से अनेकों बीमारियों से गांव के निवासी पीड़ित हो रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि डीप बोरिंग के माध्यम से एवं जल मीनार टंकी के माध्यम से गाँवों एवं शहरों में पेयजल की आपूर्ति की जाये एवं खराब चापाकलों को शीघ्र ठीक करवाया जाये।

इस संबंध में मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार की तरफ से झारखण्ड सरकार को नये चापाकल लगाने, पुराने खराब पड़े चापाकल को ठीक करने, डीप बोरिंग एवं विकास मीनारों के निर्माण हेतु केन्द्र स्तर पर पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाये।